प्रादेशिक समाचार
दिनांक–30.06.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने तीसरे कार्यकाल के पहले मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा किए। इस दौरान उन्होंने विविध विषयों की चर्चा की। प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव में संविधान और देश की लोकतांत्रिक प्रणाली में अपना विश्वास दोहराने के लिए देशवासियों का आभार व्यक्त किया है। श्री मोदी ने चुनाव आयोग और मतदान प्रक्रिया में शामिल सभी लोगों को बधाई दी। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने संताल हूल के नायकों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन संताल परगना में हमारे आदिवासी भाई–बहनों ने विदेशी शासकों के खिलाफ हथियार उठा लिया था।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से गोड्डा के लोग भी वर्चुअल तरीके से जुड़े। यहां की महिलाएं उद्यमशीलता के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। गांव में रहकर ये महिलायें कृषि उत्पादों में वैल्यू एडीशन कर उन्हें ई–कॉमर्स के जरिये ग्राहकों तक पहुंचा रही हैं। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के बाद इलाके में महिलाओं और आम लोगों के बीच नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बातों को आज राज्यभर में खास और आम सभी ने काफी संजीदगी से देखा और सुना। रक्षा राज्यमंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने चुटिया में कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस दौरान पद्मश्री मुकुंद नायक भी मौजूद थे। श्री सेठ ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री की बातें प्रेरणा दायक हुआ करती हैं।

****

संताल हूल क्रांति दिवस पर आज राज्यभर में सिदो–कान्हू, चांद–भैरव को विनीत श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। साहिबगंज के भोगनाडीह स्थित उनकी जन्मस्थली में दिनभर लोगों का तांता लगा रहा। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी सिदो–कान्हू, चांद–भैरव को विनीत श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया।

****

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन भी आज साहिबगंज के भोगनाडीह पहुंचे। उन्होंने संताल हूल के नायकों को क्रांति स्थल पर विनीत श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने एक कार्यक्रम के दौरान कल्याणकारी योजनाओं का शिलान्यास, उदघाटन और परिसंपत्तियों का वितरण भी किया।

****

इधर हूल दिवस के अवसर पर दुमका में भी कई कार्यक्रम आयोजित हुए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हूल क्रांति के नायकों सिदो–कान्हू को नमन कर उनके योगदान का स्मरण किया। इधर रांची के मोराबादी मैदान स्थित सिदो–कान्हू पार्क में कृतज्ञ लोगों ने उनकी आदमक़द प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। रांची की पूर्व मेयर सह भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा ने भी संथाल हूल के नायकों को नमन किया।

****

झारखंड समेत देशभर में कल से तीन नये आपराधिक कानून लागू होंगे। नये कानूनों के संबंध में जागरूकता के लिए लगातार कार्यक्मों का आयोजन हो रहा है। इस कड़ी में धनबाद में पुलिस कर्मियों के लिए लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान पुलिस कर्मियों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

****

लातेहार जिले की उपायुक्त गरिमा सिंह ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को 21वीं पशु धन गणना की आवश्यक तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता––

साउंड बाईट––संजय तिवारी, लातेहार––50 सेकेंड

****

पूरे राज्य में दक्षिणी पश्चिमी मानसून पूरी तरह छा गया है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिकों ने बताया है कि राज्य के अन्य हिस्सों में इसके बढ़ने की अनुकूल परिस्थितियों मौजूद हैं। राज्य के उत्तर पश्चिमी और उससे सटे उत्तरी भागों में आज भारी बारिश के आसार हैं। तापमान की बात की जाए तो

अगले दो दिनों के दौरान इसमें दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। वैसे बारिश की वजह से समूचे राज्य का मौसम खुशनुमा बना हुआ है।

*******समाप्त*********